हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 शैलदेवी महाविद्यालय में खेल कूद स्पर्धा का हुआ समापन



11 टेक्नोफेस्ट 2.0 का भव्य शुभारंभ 250 नवाचारी ...






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### महिला से गाली गलौज व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** शराब पीकर घर के सामने वाद विवाद कर रहे व्यक्ति को मना करने पर व्यक्ति ने महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद महिला ने व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसुली निवासी कल्पना साहू ने पुलिस को बताया कि 12 दिसंबर के शाम 04:45 बजे मेरे पति धमेन्द्र कुमार घर के गेट के पास खड़ा था, उसी समय ग्राम परसुली निवासी सोनू राम ठाकुर शराब पीकर हमारे घर के पास आकर मेरे पति से वाद–वाद विवाद कर रहा था, मेरे द्वारा सोनू राम ठाकुर को मेरे घर के आंगन में शराब पीकर क्यों आये हो बोली तो आवेश में आकर मुझे गालियां देकर आज तुझे जान से मार दूंगा की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं पत्थर से मेरे चेहरे पर नाक के पास मारकर चोट पहुंचाया है।

### दो पक्षों में मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** बच्चे द्वारा गाड़ी का इंडिकेटर तोड़ने के मामले मे विवाद इतना बढ़ा कि दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम निपानी निवासी लोकेश कुमार सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को मेरी टाटा टिप्पर वाहन को खड़ा किया था, शाम करीबन 06 बजे को हमारे मोहल्ले के भागवत साहू के लड़का अर्पित साहू 12 वर्ष खेलते समय टिप्पर के एण्डीकेटर लाईट को तोड़ दिया, जिस कारण मैं अर्पित साहू को अपने साथ टाटा टिप्पर वाहन के पास लाकर एण्डीकेटर लाईट को क्यों तोड़े हो कहकर एक थप्पड़ गाल में मारा हूं, जिसके बाद अर्पित साहू अपने घर चला गया, जिसके बाद मोटर साइकिल से अपने घर जा रहा था तभी भागवत साहू, पूजा साहू एवं ठाकुर राम ▶▶शेष पेज 10 पर

## परेशानी : आधार कार्ड लेकर कागजों में दिखाया गया कनेक्शन पूर्ण

# अधूरे कार्य पर पूर्णता प्रमाण पत्र लेने पहुंचा ठेकेदार, सरपंच ने बैरंग लौटाया



» अधूरी पाइपलाइन और नल कनेक्शन
» ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित
» पक्की गलियां खोदकर छोड़ी सीमेंटीकरण नहीं कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

घरो में नल कनेक्शन नही हुआ, ग्राम में पाईप लाईन नही बिछी, जो पाईप बिछा भी है वह फूट रहा है, टंकी से पाईप लाईन जुड़ी नही है, फिर भी ठेकेदार सारे हदे पार करते हुए पंचायत में पूर्णता प्रमाण पत्र लेने पहुंच गया। सरपंच ने कार्य पूर्ण करने के बाद प्रमाण पत्र देने की बात कह ठेकेदार को बैरंग लौटाया।

मामला ग्राम पंचायत अरमरीकला का है, यहां जल जीवन मिशन की टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार कार्य किया गया है। इस कार्य ने ग्रामीणों के आराम दायक जीवन को कष्टप्रद बना दिया है। पाईप लाईन विस्तार के नाम पर ठेकेदार ने ग्राम की पक्की गलियों को खोद डाला, पाईप डालने के महीनों बाद भी उसका सीमेंटीकरण नही किया, पाईप लाईन फूटने से गलियों में कीचड़ हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को पैदल चलना मुश्किल है। जिस गली में चार पहिया आराम से चलती थी,



वहां अब दो पहिया चालक भी गिर जाते है।

सरपंच ग्राम पंचायत अरमरीकला ने बताया जलजीवन मिशन का कार्य अधुरा है, ग्राम में पाईप लाईन बिछाने का कार्य आधा से अधिक बचा है। घरो में कनेक्शन का कार्य भी 25 प्रतिशत से अधिक बचा है। टंकी को पाईप लाइन से जोड़ा नही गया है। पाईप लाईन जगह जगह फूट गई है।

चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के लोगों ने घर घर जाकर ग्रामीणों से यह कहकर आधार कार्ड की कॉपी मांगी कि नल कनेक्शन के लिए चाहिए। यहां सरपंच ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसी आधार कार्ड की कापियों को ठेकेदार ने कनेक्शन पूर्ण होने के रूप में प्रस्तुत कर घरो में नल कनेक्शन को पूर्णता बता दिया है। ग्रामीणों व सरपंच सभी ने बताया कि पाईप लाईन विस्तार कार्य के पहले ग्राम की गलियां अधिकांशतः पक्की थी या मजबूत थी, लेकिन पाईप लाईन के लिए खोदे गए गढ्ढे के कारण ग्राम की गलियो मे पैदल चलना भी खतरनाक हो गया है। ठेकेदार ने पाईप लाईन बिछाकर गड्ढो में मिट्टी भरकर छोड़ दिया। उसे पक्का सीमेंटीकृत नही किया। ठेकेदार ने जगह जगह पाईप कनेक्शन निकालकर खुला छोड़ दिया है।

**कार्य अधूरा है**

सरपंच अरमरीकला धनेन्द्र साहू ने कहा जल जीवन मिशन अंतर्गत पाईप लाईन विस्तार, घरो में कनेक्शन एवं गलीयो की सीमेंटीकरण का कार्य अधूरा है। ठेकेदार पूर्णता प्रमाण पत्र मांगने आया था। कार्य अधूरा होने के कारण मैंने प्रमाण पत्र देने से मना कर दिया।

- **धनेन्द्र साहू,** सरपंच अरमरीकला

## पुलिस की अभियान में 12 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई,1.35 लाख का जुर्माना वसूला गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पुलिस द्वारा विगत तीन दिवस से शाम के समय अभियान चलाकर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय पेश करने पर उन्हे 1,35,000 रू. अर्थदण्ड किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 199 वाहन चालकों पर भी 60,200 रू. की चालानी कार्यवाही किया गया। 11 वाहन चालकों का लायसेंस 06 माह के लिए एवं एक शराबी वाहन चालक द्वारा द्वितीय बार शराब पीकर वाहन चलाते पाएं जाने से हमेशा के लिए लायसेंस निलंबित केरने की कार्यवाही की जा रही है।

■ 12 लाइसेंस होंगे निलंबित, एक स्थायी रूप से रद्द

यातायात बालोद एवं सभी थाना, चौकी प्रभारीयों द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं दोपहिया वाहन में बिना हेलमेट वाहन चलाने पर अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इस अभियान के दौरान विशेष तौर पर शांम के समय शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 12 शराबी वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय द्वारा आरोपी वाहन चालकों को कुल 1,35,000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 11 वाहन चालकों का लायसेंस 06 माह के लिए निलंबन करने की कार्यवाही परिवहन विभाग को पत्र प्रेषित कर किया जा रहा है। इस दौरान एक शराबी वाहन चालक द्वारा द्वितीय बार शराब सेवन कर वाहन चलाते पाएं जाने से हमेशा के लिए उसके लायेंसस निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य 199 वाहन चालकों पर भी कार्यवाही कर 60,200 रूपये की चालानी कार्यवाही किया गया है।

यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालको से अपील किया जा रहा है कि शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले।

हमेशा यातायात नियमों का पालन करे, यातायात पुलिस बालोद ने आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

## भाटागांव-भरदाकला में पशु औषधालय भवन के लिए 37.78 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गुण्डरदेही क्षेत्र के भाटागांव (आर) एवं भरदाकला ग्राम में पशु औषधालय के लिए नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति ग्रामीणों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की मांग पर जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के निरंतर प्रयासों से संभव हो पाई है।

जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं पशु चिकित्सा मंत्री रामविचार नेताम को पत्र लिखकर दोनों ग्रामों में पशु औषधालय हेतु नवीन भवन



■ ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन को मिलेगा बढ़ावा

निर्माण की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री एवं मंत्री द्वारा इस मांग को स्वीकार करते हुए भाटागांव (आर) के लिए 18.89 लाख, भरदाकला मे भवन के लिए 18.89 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर भाटागांव एवं भरदाकला के ग्रामीणों, भरदाकला से पवन सोनबरसा, विश्वास गुप्ता, हरीश साहू, युगल बोरकर, टालक देवांगन, बृजेश सोनी, प्रीतम निर्मलकर, जितेंद्र देवांगन, खेम साहू, अजय भारद्वाज ▶▶शेष पेज 10 पर

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में दीपाली ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज:बालोद

राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दीपाली साहू ने गोल्ड जीता। भिलाई में 11 से 13 दिसंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता सीनियर वर्ग 48 से 50 किलो भार में दीपाली साहू ने रायपुर की बॉक्सर को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।

बॉक्सिंग कोच किशोर नाथ योगी ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह स्पॉट्स अकादमी



निरंतर 3 साल से बॉक्सिंग की ट्रेनिंग दे रहा है। जिस कारण अब बालोद जिले से भी लड़कियां इस खेल में अपनी प्रतिभा दिखा रही है।

## तालाब में मिली महिला की शव, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम

अर्जुंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुरसूनी में बीते मंगलवार को तड़के तकरीबन साढ़े चार बजे बाघा तालाब में महिला की लाश मिलने की खबर सुनते ही पूरे गांव में खलबली मच गई। मौके पर पहुंची अर्जुन्दा पुलिस ने बताया कि ग्राम खुरसूनी के जय राम सिन्हा की पत्नी मृतिका मालती सिन्हा 36 वर्ष के रूप में पहचान हुई, मृतिका के परिवार में पति, दो बच्चे, और ससुर रहते है, वही सभी घर में रात का खाना खाने के बाद सो गए थे। सुबह गांव तालाब में सुबह नहाने गए घनश्याम देवांगन ने तालाब के पानी में घने कोहरे में पानी में गुड़गुड आहट की आवाज सुनते ही ग्रामीणों को बुलाया, तब तक महिला की मौत हो चुकी थीं। गौर हो तालाब में गहरा पानी है वही महिला घाट मे तकरीबन 13फीट गहरा पानी है, अर्जुन्दा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को पंचनामा कर पीएम करने गुण्डरदेही भेजा। थाना प्रभारी अर्जुन्दा जोगेंद्र साहू ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस सभी एंगल से विवेचना में जुटी है।

■ घने कोहरे में सुनी गई थी गुड़गुड़ आहट की आवाज


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



सुमीत बाजार™ में आज पेपर कटिंग लाने पर



बाजार मूल्य ₹ 299 प्रति पीस वाले

लेडिस जेगिंग्स

प्लेन एवं प्रिंटेड

2 पीस ₹99 में 2 पीस

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

आकांक्षा टॉवर, दुर्ग रोड, बालोद । अरोरा काम्प्लेक्स, दुर्ग रोड, बेमेतरा

*condition apply

## खबर संक्षेप

### जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नरेश बने दुर्ग उपाध्यक्ष

**बालोद।** जिले के नगर अर्जुन्दा निवासी नरेश यदु को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग का उपाध्यक्ष मनोनित किया गया है।



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग के लिए दो सदस्यीय अशासकीय व्यक्तियों प्रीतपाल बेलचंदन एवं नरेश यदु की कमेटी गठित करते हुए प्रीतपाल बेलचंदन को अध्यक्ष एवं नरेश यदु को उपाध्यक्ष नामांकित किए जाने की अनुशंसा की गयी है। सोमवार देर रात जारी सूची की जानकारी मंगलवार की सुबह क्षेत्र के किसानों एवं कार्यकर्ताओं को हुई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के उपाध्यक्ष पद हेतु बालोद जिले से नरेश यदु को स्थान मिलने पर कार्यकर्ताओं मे हर्श की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़ व आतिशबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार संगठन में कार्यकर्ताओं को जोड़कर भाजपा को मजबूती प्रदान करने में अपनी महती भूमिका निभाई है। पार्टी के हर निर्णय को शिरोधार्य मानकर उन्होंने दल की चिंता की। नरेश यदु ने हमेशा ही संगठन की चिंता की इसी का परिणाम रहा कि आज दल ने नरेश यदु जैसे स्पष्ट एवं संगठनात्मक क्षमता के धनी नरेश यदु को मौका दिया है। नरेश यदु किसानों के बीच रहकर किसानों के लिए हर पल सक्रिय रहे है। किसानों के मध्य भी उनकी साफ छवि रही है।

### जैन संत को दी गई श्रद्धांजलि

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन स्थानक भवन में शुक्रवार को देर शाम साधुमार्गी संघ ने जैन संत शासन दीपक श्रीरमेशमुनि जी मसा(देवताजी मसा) के संथारा संलेखना के साथ देवलोक गमन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवकार महामंत्र का जाप किया गया। साथ ही रामेश चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। उल्लेखनीय है कि बीकानेर के सेठिया कोटडी में विराजमान संतश्री रमेश मुनिजी मसा के गुरुवार को सुबह स्वास्थ की अनुकूलता नहीं रहने की स्थिति में आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा के मुखारविंद से दोपहर को चौविहार संथारे के प्रत्याख्यान करवाए गए थे।संथारे के लगभग पंद्रह मिनट के बाद उनका देवलोक गमन हो गया।संघ के सौरभ डोसी ने बताया कि संतश्री रमेश मुनिजी मसा साधुमार्गी संघ के दीक्षा पर्याय में पहले नंबर के बड़े संत थे।उनके सरल सहज हृदय के कारण से उन्हें देवता जी मसा के नाम से भी जाने जाते थे।संघ के सभी सदस्यों ने चार चार लोगस्स का ध्यान करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## निधन

### जीवराखन लाल साहू



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी जीवराखन लाल साहू 77 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया वे बरतनीं बाई के पति नोहर साहू, मानूराम साहू व नीलकंठ साहू के पिता थे।

---

### दिव्यांग विद्यालय में भक्ति, सेवा और संस्कार का अनूठा संगम

# भगवान पार्श्वनाथ जन्म कल्याणक दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सुलतानमल–सजनाबाई चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पार्श्वनाथ दिव्यांग विद्या मंदिर, उमरादाह में 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्थापित भगवान पार्श्वनाथ की विशाल प्रतिमा की विधिवत पूजा–अर्चना की गई।

पूजा के उपरांत विद्यालय के मूक–बधिर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। संगीत की धुन पर बच्चों की भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को आश्चर्यचकित कर दिया। बच्चों की प्रतिभा की जमकर सराहना की गई तथा उन्हें उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर पूजा–अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर गुंडरदेही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बाफना परिवार द्वारा संचालित इस दिव्यांग विद्यालय की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि बहुत कम लोग ऐसे पुण्य कार्यों में आगे आते हैं। बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही है, इसके पीछे शिक्षकों की कड़ी मेहनत स्पष्ट दिखाई देती है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय ट्रस्ट को अपनी ओर से 21,000 की सहयोग राशि देने की घोषणा भी की।

ट्रस्टी मूलचंद बाफना ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ के आशीर्वाद एवं संत महेंद्र सागर जी और मनीष सागर जी महाराज सा की प्रेरणा से इस विद्यालय की स्थापना की गई है। वर्तमान में विद्यालय में 28 मूक–बधिर बच्चे अध्ययनरत हैं तथा तीन शिक्षकों का स्टाफ कार्यरत है। विशेष बात यह है कि यहां पढ़ाने वाले शिक्षक भी मूक–बधिर हैं, जिससे बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षा मिल पा रही है। विद्यालय में बच्चों के आवास, शिक्षा और भोजन की समस्त व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर प्रदीप जैन ने कहा कि बाफना परिवार द्वारा किए जा रहा जनसेवा का कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मूक–बधिर बच्चों के लिए यह विद्यालय एक मजबूत संबल है और यहां अध्ययनरत बच्चे किसी भी रूप में सामान्य बच्चों से कम नहीं हैं।

विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्था से प्रभावित होकर कई समाजसेवियों ने भी सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन अरुण बाफना ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन विद्यालय की संचालिका सुनीता रामपुरिया द्वारा किया गया। भगवान पार्श्वनाथ की पूजा त्रिशला चौरड़िया एवं संभवनाथ महिला मंडल द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर श्रेयांस भंसाली ने भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में गौतम बाफना, प्रकाश बाफना, रूपचंद गोलछा, प्रकाश भंसाली, सुभाष बाफना, आशीष बाफना, संजय ढेलडिया, इंदरचंद ढेलडिया, सुनील रत्नबोहरा, किशोर बाफना, दिलीप बाफना, रमन पारख, चीकू चौरड़िया उपस्थित थे।

---

## पीएम सड़क पर रेत माफिया का कब्जा, राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम भोथली से बोड़रा मुख्य मार्ग में सड़क किनारे रेत माफियाओ ने रेत डंप कर दिया है। डंप रेत लगातार दुर्घटना का कारण बन रहे है। मामले में जिम्मेदारो की उदासीनता कई सवाल खड़ा कर रही है। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क है। गुरूर से अरमरीकला मुख्य मार्ग में ग्राम बोड़रा से भोथली के मध्य ग्राम भोथली के अर्जुन साहू ने रेत, गिट्टी डंप कर दिया है। रेत फैलकर सड़क पर भी आ रहा है। वही रेत का ढेर सड़क की पटरी पर है। रेत माफिया ने रेत को पंचायत की नाली को भी नही छोड़ा उसके उपर भी रेत का ढेर लगा रखा है। ग्रामीण कहते है कि रेत माफिया द्वारा कई वर्शो से ऐसे ही कार्य किया जा रहा है। सड़क किनारे डंप रेत से राहगिरो को परेशानी हो रही है। सड़क में फैली रेत से दोपहिया वाहन फिसलकर गिर रहे है। हवा के उड़कर रेत के कण राहगिरो की आंख, कान नाक में घूस रहे है। वही रेत का ढेर यातायात प्रभावित कर रहा है। सबसे अधिक समस्या रात के समय हो रही है। दो वाहनो के आमने सामने से आने पर रेत का ढेर दिखाई नही देता और वाहन रेत के ढेर में चढ़ रही है। अब तक कोई गंभीर घटना नही हुई है लेकिन इस प्रकार से जिम्मेदार उदासीन बने हुए है ऐसा लगता है कि वे किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे है।

मामले में रेत ठेकेदार अर्जुन साहू ने कहा उसने खनिज विभाग से कोई प्रमाण पत्र नही लिया है। जल्द ही रेत गिट्टी को हटा दूंगा।

सरपंच चुन्नी बाई साहू ने बताया पिछले कार्यकाल में तात्कालिक पंचायत ने लिखित नोटिस दिया था, वर्तमान में मौखिक रूप से रेत सड़क किनारे व नाली से हटाने के लिए कहे है।

---

## कलेक्टर मिश्रा ने प्रशासन गांव की ओर अभियान की सफल तैयारी के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ग्रामीण क्षेत्रों में लोक शिकायतों का निराकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' राष्ट्रव्यापी अभियान के जिले में सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उन्होंने बताया कि 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत सुशासन सप्ताह के तहत अधिकारी गांव का दौरा कर आम जनता के समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर मिश्रा ने सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को इसके लिए जरूरी व्यवस्थाएं कर जिले में इसका सफल आयोजन सुनिश्चित कराने को कहा।

कलेक्टर मिश्रा ने 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रें में लोक शिकायतों का निराकरण सेवा वितरण में सुधार तथा जमीनी स्तर पर शासन की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु यह अभियान चलाया जाता है। इस दौरान अधिकारी गांव का दौरा कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के अलावा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुँचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करते हैं। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें में निवासरत आम जनता के शिकायतों के निराकरण के अलावा सेवा वितरण में सुधार, बेहतर रिकार्ड प्रबंधन तथा अंतर विभागीय समन्वय के अलावा नागरिक भागीदारी भी सुनिश्चित की जाती है।

बैठक में मिश्रा ने जिले के विभिन्न विभागों में ई–ऑफिस के कार्यों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को 01 जनवरी 2026 से जिले में शत प्रतिशत ई–ऑफिस के माध्यम से कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिले में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के कार्यों की भी समीक्षा की। मिश्रा ने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को रोपे गए सभी पौधों के लिए समुचित मात्र में खाद, पानी के अलावा सुरक्षा के भी समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने 09 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी में जिन अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वे सभी निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर जंबूरी के सफल आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश भी दिए हैं।

---

## गुरु घासीदास जयंती पर जिले में 18 को 'शुष्क दिवस' घोषित

**बालोद।** आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में 18 दिसम्बर को गुरु घासीदास जंयती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार 18 दिसम्बर को जिला बालोद में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं प्रीमियम विदेशी मदिरा तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता पूर्णतः बंद रहेगा। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## जिपं उपाध्यक्ष तोमन ने सेजस निपानी व भेड़िया नवागांव स्कूलों का औचक निरीक्षण किया



**बालोद।** मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के तहत सेजस निपानी एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेड़िया नवागांव में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहु ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों से चर्चा कर विद्यालय एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के बारे में जानकारी लिया। तोमन साहु ने भेड़िया नवागांव विद्यालय में स्मार्ट क्लास स्कूल एवं पौधों की सुरक्षा के लिये अहाता निर्माण एवं बच्चों के प्रार्थना के लिये प्रार्थना शेड निर्माण की घोषणा की।

---

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तेज, 53 हजार से अधिक किसानों को 564 करोड़ रुपये का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- किसानों की सुविधा: धान खरीदी केंद्रों पर पेयजल, छांव, बैठक व शौचालय की व्यवस्था

राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक जारी है। जिसके अंतर्गत जिले में अब तक 53 हजार 785 किसानों से 23 लाख 75 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी कर 564 करोड़ 17 लाख 37 हजार 867 रूपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चूंका है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा अपने–अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य का सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु पहुँचने वाले किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक इत्यादि के अलावा शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अपनी धान की बिक्री के उपरांत 72 घंटे में किसानों के खाते में राशि जमा हो जाने से किसानों में हर्श व्याप्त है। शासन की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिरईगोड़ी के किसान सुरेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि उन्होंने 05 दिसंबर को धान खरीदी केन्द्र करहीभदर में पहुँचकर 06 क्वटल 40 किलो धान की बिक्री है। उन्होंने कहा कि धान बिक्री के 72 घण्टे के उपरांत उनके खाते में बिक्री किए गए धान की राशि अंतरित हो गया। इसी तरह शासन की इस व्यवस्था पर बालोद जिला विकासखण्ड के ग्राम जगतरा के किसान सुरेश, ग्राम चिरईगोड़ी के किसान गेंदूसाहू, कुमार साहू सहित अन्य किसानों ने हर्श व्यक्त किया है।

---

## जल संचयन और विकास कार्यों का जिला स्तरीय निरीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जल संचयन जन भागीदारी 2.0 के तहत जनपद पंचायत गुरूर, ग्राम पंचायत नारागांव मे मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत नारागाव में संचालित विकास कार्यों का जिला स्तरीय निरीक्षण मनरेगा परियोजना अधिकारी ओपी. साहू एवं जनपद सीईओ उमेश रात्रे द्वारा किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी के निर्देशन में जल संचयन जन भागीदारी 2.0 के तहत ग्राम पंचायतों मे कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के साथ–साथ ग्राम पंचायत में जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु बोरी बंधान का कार्य भी सामूहिक सहभागिता से संपन्न हुआ।

जिसमें स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, स्कूली छात्र–छात्राएँ एवं जलवाहिनी दीदी समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने श्रमदान कर वर्षा जल को संरक्षित करने एवं भू–जल स्तर बढ़ाने का संदेश दिया। जनपद सीईओ उमेश रात्रे ने बताया कि जल संरक्षण जैसे कार्यों में बच्चों, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गों की भागीदारी अत्यंत सराहनीय है, इससे आने वाली पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। साथ ही जलवाहिनी दीदी समूह द्वारा ग्रामीणों को जल बचाने, स्वच्छता बनाए रखने एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया गया। स्कूली छात्र–छात्राओं को भी जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही इन सभी के साथ मिलकर गांव के पारा मोहल्ले और वार्डो में जागरूकता रैली भी किया गया, जिसमें ग्रामीणो का जल संरक्षण का महत्व बताया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नारागांव में मनरेगा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में किए गए निर्माण एवं निजी सोकपिट निर्माण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए हितग्राहियो को सोकपिट बनाने के लिए उत्साहित किये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत कर्मियों को कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण एवं बोरी बंधान कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक पंचायत प्रतिनिधि, तकनीकी सहायक, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

## पेज 9 के शेष

### भाटागांव-भरदाकला ...

भाटागांव से पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, सरपंच रूपेश्वर यादव, कुलदीप साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, मोंटी यादव,डॉ प्रदीप साहू, पुनारद साहू, मनहरण देवांगन, कौशल साहू, योगेश शर्मा, मायाराम देवांगन, केके साहू, शोभाराम देवांगन, परमानंद देवांगन, भगवान सिंह कतलम, रामेश्वर कतलम, राज आर्यन रात्रे सहित अन्य ग्रामीणो ने आभार व्यक्त किया। सभी ने जिले के वरिष्ठ नेताओं एवं जिला अध्यक्ष का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### दो पक्षों में मारपीट ...

साहू मेरे पास आकर अपने बेटे अर्पित साहू को क्यों मारे हो कहते हुये गाली गलौज कर तीनों मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किये, पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम निपानी निवासी पूजा साहू ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को अपने गृह कार्य में व्यस्त थी कि तभी गांव के लोकेश सिन्हा फोन कर बोले कि अपने बेटे हर्षित साहू को भेजो तब मै अपने लडका को लोकेश के पास भेजी, कुछ देर बाद शाम को मेरा लडका 11 वर्ष रोते हुए घर आया, तब मै पूछी की क्यो रो रहा है तो हर्षित बताया टिकरापारा चौक के पास लोकेश सिन्हा तुम गाडी के लाईट को निकाले हो कहकर गाली देते थप्पड मारा है, कुछ देर बाद मै लोकेश को मोटर सायकल को जाते देख उसे रोककर पूछी की मेरा लडका हर्षित को क्यों मारे तब लोकेश सिन्हा गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर झुमा झटकी करने लगा, पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

---

### गुण्डरदेही में ग्रामवासियों ने जल संरक्षण में बढ़-चढ़कर भागीदारी रही

## बोरी बंधान और सोकपिट निर्माण पर जोर, भूजल स्तर बढ़ाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- जन भागीदारी से वर्षा जल और भूजल स्तर को स्थिर रखने के प्रयास
- ग्रामीणों ने निभाई सक्रिय भूमिका, नालों में बोरी बंधान

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चन्द्रवंशी के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर बढ़ाने व वर्षा जल को सरंक्षित करने हेतु जन भागीदारी से जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे है। जल संचयन जन भागीदारी (जेएसजेबी 2.0) के तहत जनपद पंचायत गुण्डरदेही के ग्राम गब्दी एवं लिमोरा में जन भागीदारी से नालों में बोरी बंधान, ग्राम पसौद में जल स्त्रेतो की साफ–सफाई कर जल सरंक्षण की पहल की गई। ग्राम गब्दी में ग्रामीणों द्वारा सरपंच एवं उपसरपंच के नेतृत्व में जल सरंक्षण कर पानी रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें जन मानस को गांव का पानी गांव में रोकने हेतु जन भागीदारी से बोरी बंधान, व्यक्तिगत सोकपिट निर्माण करने हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें सरपंच, उप सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जल वाहिनी, समूह की दीदीयां, महिला कमाण्डों एवं गणमान्य नागरिक द्वारा जल सरंक्षण का संकल्प लिया। नालें में ग्रामीणों ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर बोरी बंधान का कार्य किया गया।

जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अंतर्गत ग्राम पंचायत गब्दी, पैरी, अर्जुनी एवं लिमोरा के सरपंचों के मार्गदर्शन में उक्त कार्य कराया गया। ग्राम गब्दी के इस सामुदायिक पहल पर ग्रामवासियों ने बढ–चढकर अपनी भागीदारी निभाई। उक्त कार्यक्रम सरपंच किर्तनराम देवदास, उपसरपंच प्रमिला सिन्हा, रोजगार सहायक अश्वनी सिन्हा, तकनीकी सहायक पद्मा पाटिल, सचिव मीना देवांगन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रतिज्ञा चन्द्राकर एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से यह कार्य सफलता पूर्वक कराया गया। यह कार्य ग्राम पंचायत में वर्षा जल और भूजल स्तर को स्थिर रखने के लिए प्रभावी है।

सक्रियता एवं जागरूकता का परिचय देते हुए सरपंच, ग्राम पंचायत गब्दी ने कहा कि प्राकृतिक जल स्त्रेतों को सुरक्षित रखना और भविष्य के लिए बेहतर पानी की उपलब्धता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामवासियों के निरंतर सहयोग से यह अभियान सफल हुआ और इससे भविष्य में भू जल स्तर को स्थिर रखनें में भी मदद मिलेगी।

---

## मनरेगा श्रमिकों के कौशल विकास हेतु प्रोजेक्ट उन्नति के तहत राजमिस्त्री प्रशिक्षण की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा श्रमिकों के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं।

जिसके अंतर्गत प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मनरेगा में 60 दिवस का कार्य पूर्ण कर चुके मजदूरों के लिए राजमिस्त्री (मेसन) प्रशिक्षण का शुभारंभ ग्राम पंचायत सोरर (गुरूर) में किया गया है। उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों को तकनीकी क्षमता प्रदान कर उन्हें स्वावलंबी बनाना और निर्माण कार्यों में कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को पीएम आवास एवं मनरेगा कार्यों के अंतर्गत बनने वाले आवासों और संरचनाओं के निर्माण में प्रयोग होने वाली तकनीकें जैसे ईंट जोड़ाई, सीमेंट–रेत मिश्रण का अनुपात, प्लास्टरिंग, लेवलिंग और निर्माण से जुड़ी सुरक्षा विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षक श्रमिकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा ने बताया कि प्रोजेक्ट उन्नति से ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और आने वाले समय में स्थानीय निर्माण कार्यों के लिए कुशल श्रमिकों की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप



### पशु धन विकास विभाग ने हितग्राहियों को बांटे चुजे

**बालोद/कलंगपुर।** पशु धन विकास विभाग बालोद द्वारा पशु चिकित्सालय गुण्डरदेही के अतिरिक्त उपसंचालक डॉ रोशन नागदेव के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत कचांदुर में मुर्गी पालन हितग्राही कमलेश धीवर को 3 यूनिट चुजा, छन्नू लाल धीवर को 2 यूनिट चुजा प्रदान किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सिरसिदा, डंगनिया, तमोरा, सकरौद, भेंड़रा, भटगांव में अनुदान पर चुजा वितरण किया गया। इस अवसर पर पीएआई डब्ल्यू थानसिंह मंडावी, सरंपच दमयंतिन मार्कण्डेय, पंच भूषण साहू, पशु सखी चित्ररेखा साहू, कृषि सखी सत्यवती चंद्राकर, वासुदेव साहू, मनीष यादव, प्रीतम साहू, सहितपंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### डे नाइट कबड्डी स्पर्धा का आयोजन आज से

**गुरूर।** जय हनुमान समिति एवं समस्त ग्रामवासी टेंगना बरपारा (गुरुर)के द्वारा आज एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष चुम्मन निषाद ने बताया कि प्रथम 10 हजार, दितीय 7 हजार, तृतीय 3 हजार एवं चतुर्थ 1 हजार रुपये है। आकर्षक पुरुस्कार अलग से रखें गये है। 19 दिसंबर को मंडाई होगा। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भूपेश प्रकाश का कार्यक्रम रखा गया है।

### आमटी की सरपंच ने न्योता भोज कराया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी के द्वारा ग्राम आमटी एवं मासभाट के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्ण माध्यमिक विद्यालयों में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ससम्मान भोजन कराया गया। न्योता भोज के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। सरपंच चौधरी ने स्वयं उपस्थित रहकर बच्चों से संवाद किया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शिक्षा के साथ-साथ पोषण पर भी ध्यान दिया जाए। विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और विद्यालय के प्रति उनका लगाव मजबूत होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का भी सहयोग रहा।

**आयोजन**

**टेक्नोफेस्ट 2.0 में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और नवाचार की झलक**

# टेक्नोफेस्ट 2.0 का भव्य शुभारंभ 250 नवाचारी मॉडलों का होगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 16 दिसंबर से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में 02 दिवसीय बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 आज शुभारंभ किया गया। बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन उपस्थित थे।





समारोह में विशेष अतिथि जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम एवं गुलशन चंद्राकर सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, के अलावा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में शिक्षक–शिक्षिका एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे। टेक्नोफेस्ट 2.0 के पहले दिन आज पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों द्वारा कुल 150 मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। समापन अवसर पर 17 दिसंबर को हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों के द्वारा कुल 100 मॉडलो का प्रदर्शन किया जाएगा। यशवंत जैन ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण एवं योगदानों को देखते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री द्वारा 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया था। जैन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा मौजूदा समय में विज्ञान की महत्ता एवं प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए 'जय जवान, जय किसान' के साथ 'जय विज्ञान' का नारा दिया गया। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता के विकास के साथ–साथ जीवन को सरल एवं सुगम बनाने तथा संपूर्ण जीव–जगत की अस्तित्व की रक्षा में विज्ञान के महत्व, प्रासंगिकता एवं उपयोग को नजर अंदाज नही किया जा सकता।

तोमन साहू ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों में असीमित प्रतिभा है। बस आवश्यकता है उन्हें प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं हर संभव मदद उपलब्ध कराने की।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने टेक्नोफेस्ट 2.0 के आयोजन को संपूर्ण बालोद जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के लिए बालोद जैसे ग्रामीण परिवेश वाले जिले में संपूर्ण जिले के विभिन्न स्थानों के कुल 250 मॉडलों का चयन होना अपने आप में महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सुदूर वनांचल के विद्यार्थियों के द्वारा सीमित संसाधनों के बावजूद भी आज बेहतरीन मॉडलों की प्रदर्शन की भूरी–भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि बालोद टेक्नोफेस्ट के इस 02 दिवसीय आयोजन के माध्यम से जिले के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं तकनीकी कौशल को भी बढ़ावा मिश्रा ने कहा कि आज इस आयोजन के माध्यम से प्रदर्शित की जाने वाली कम से कम 10 मॉडलों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। चेमन देशमुख ने बालोद टेक्नोफेस्ट के आयोजन तथा वर्तमान दौर में विज्ञान के महत्ता एवं प्रासंगिकता के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि हमारे जिले के सुदूर अंचल के विद्यार्थियों के द्वारा सीमित संसाधनों में बनाए गए उनके उत्कृष्ट मॉडलों को राष्ट्रीय स्तर पर भी विशिष्ट पहचान मिलेगा। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका सिंह ने बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर नीति आयोग के द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में बालोद टेक्नोफेस्ट के बेहतरीन आयोजन के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को सम्मानित भी किया गया। समारोह में अतिथियों के द्वारा फीता काटकर बालोद टेक्नोफेस्ट का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आदिवासी गांव, ज्वालामुखी, ग्लोबल वार्मिंग, महिला सुरक्षा, स्मार्ट सिटी आदि विभिन्न विषयों पर बेहतरीन मॉडलों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

## गुरुर महाविद्यालय में योग पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर महाविद्यालय में योगा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि योग आयोग अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन व कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रुपनारायण सिन्हा थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य घनेश्वरी डडसेना ने की।

विशेष अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कलार समाज रायपुर भोजराम डडसेना, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरुर प्रदीप कुमार साहू, मंडलेश्वर तहसील गुरुर चंदन लाल सिन्हा, भाजपा नेता गुरुर ताम्ररज सिन्हा, डायरेक्टर देवेन्द्र डडसेना, डायरेक्टर एम.बी.के महाविद्यालय गुरुर ताराचंद देवांगन थे। मुख्य अतिथि ने कहा हम सभी को योग करना चाहिए योग से स्वास्थ्य लाभ तो होगा ही इससे शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक कार्यक्रम अधिकारी रासेयो मुरली कुमार सिन्हा, दामिनी सोनभद्र, रामस्वरूप सिन्हा, उपासना गंजीर, पामेश्वरी सेन, अश्वनी कुमार साहू, तेजेश्वर सिन्हा, दीपिका निषाद, नरेन्द्र कुमार खोबरागड़े, हुमन जंजीर, राकेश कुमार पारकर महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# ग्राम जेवरतला रोड में श्री राम कथा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम जेवरतला रोड में तीन दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन ग्रामीणों एवं मालेकर परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथावाचक कामता प्रसाद शरण कुडेरादादर गरियाबंद है। उन्होंने कथा के दूसरे दिन श्री राम के 14 वर्ष के वनवास तथा मारुति नंदन के जन्म की कथा सुनाई।

- राम नाम की मिश्री घोलकर पी लो जीवन धन्य हो जाएगा – कामता प्रसाद शरण

उन्होंने कथा के दौरान कहा कि श्री राम नाम की मिश्री घोलकर पी लो आपका जीवन धन्य हो जाएगा। भगवान शिव की शक्ति एवं माता पार्वती की भक्ति अद्वितीय है। सनातन धर्म में स्त्री देवी का रूप है। स्त्री का सदैव सम्मान करना चाहिए। माता सीता का भी सम्मान हुआ था। अपमान करने वाले लंका के राजा रावण का कुल सहित नाश हुआ था। भाव से और अंतर आत्मा से जो भी भगवान का स्मरण करता है वे उसके हो जाते हैं। हर किसी को भगवान की कथा सुनने का अवसर प्राप्त नहीं होता। जो भगवान श्री राम की कथा सुन रहे हैं वे भाग्यशाली हैं। भगवान काफी सरल है। वे भाव के भूखे हैं। पंडित कामता प्रसाद शरण ने कथा के दौरान कई प्रसंग में श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूम कर नाचने लगे। भंडारा में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। संगीतमय श्री राम कथा के प्रमुख यजमान पुरुषोत्तम जयंत्री मालेकर है।



# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी व बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले में पार्टी कार्यकताओं में उत्साह दिखा।

भाजपा बालोद के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि नबीन ने प्रदेश सह प्रभारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी और प्रदेश प्रभारी रहते हुए संगठन कौशल और रणनीतिक मोर्चे पर पार्टी के प्रदेशभर के कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार कर भाजपा को लगातार विजयी बनाने में अहम्‌ भूमिका निभाई और अब इस भूमिका का राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार होना सुनिश्चित है।

देशमुख ने कहा कि नबीन जमीन से जुड़ी राजनीति के प्रतीक है और इसलिए जनता जनार्दन के साथ–साथ पाटएँ के सभी कार्यकर्ताओं से उनका जीवंत सम्पर्क है और उनकी यही संगठनात्मक विशिष्टता और





प्रतिबद्धता भाजपा को एक सशक्त राजनीतिक दल के रूप स्थापित करने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेगी। देशमुख ने कहा कि नबीन की नियुक्ति से छत्तीसगढ़ के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभिभूत हैं। नबीन के नेतृत्व में हम सबने पार्टी की रीति–नीति और संगठनात्मक दायित्वों व गतिविधियों की गम्भीरता को समझा है।

भाजपा जिला बालोद के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, राज्य वन उपज उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं बिलासपुर संभाग सह प्रभारी अभिषेक शुक्ला, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, पूर्व प्रदेश महामंत्री जन सेवक राकेश यादव, महामंत्री सौरभ लूनिया, राकेश छोटू यादव, शाहिद खान, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू,, कमलेश सोनी, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, चंद्रिका जंजीर ,तेजराम साहू, नगर पंचायत गुरुर उपाध्यक्ष कुंती सिंन्हा, दुर्गानंद साहू, ठाकुर रामचंद्राकर, कौशल साहू, टिनेश्वर बघेल, सुरेंद्र देशमुख, त्रिलोकी साहू, विनोद जैन, कमल पनपालिया, अमित चोपड़ा, आनंद शर्मा, टुकेश्वर पांडे, खेमलाल देवांगन, कुसुम शर्मा, विश्वास गुप्ता, विवेक वैष्णव, आदित्य पिपरे, दीपा साहू, अकबर तिगाला, कृतिका साहू, दुर्जन साहू, सहित मोर्चा, प्रकोष्ठ, के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जिले में अवैध धान खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई, 5 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा बालोद जिले में धान के अवैध खरीदी बिक्री के रोकथाम हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिससे कि राज्य शासन के मंशानुरूप बालोद जिले में केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके।

इसके साथ ही कोचियों, व्यापारी एवं अवैध धान विक्रेताओं की धान की खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। इसके अंतर्गत आज 16 दिसंबर तक कृषि उपज मण्डी सहित राजस्व, खाद्य एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा बालोद जिले में 01 करोड़ 07 लाख 50 हजार 840 रूपये की राशि के 05 हजार 431.48 क्विंटल से अधिक धान जब्त की कार्रवाई की गई है।



कलेक्टर के निर्देशानुसार बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत अब तक अवैध धान विक्रेताओं, कोचियों तथा थोक एवं फुटकर धान व्यापारियों पर की गई कार्रवाई के अंतर्गत 10 नवंबर को 147.2 क्विंटल, 15 नवंबर को 15.20, 17 नवंबर को 236 क्विंटल, 18 नवंबर को 286.4 क्विंटल, 19 नवंबर को 374.4 क्विंटल, 20 नवंबर को 95 क्विंटल, 21 नवंबर को 1935.2 क्विंटल, 22 नवंबर को 320.46 क्विंटल, 23 नवंबर को 24 क्विंटल, 25 नवंबर को 443.22 क्विंटल, 26 नवंबर को 08 क्विंटल, 27 नवंबर को 16 क्विंटल तथा आज 28 नवंबर को 684 क्विंटल, 29 नवंबर को 38.80, 01 दिसंबर को 86 क्विंटल, 04 दिसंबर को 80 क्विंटल, 06 दिसंबर को 261.8 क्विंटल, 08 दिसंबर को 88.80 क्विंटल, 09 दिसंबर को 98 क्विंटल, 11 दिसंबर को 56 क्विंटल, 12 दिसंबर को 50 क्विंटल एवं 15 दिसंबर को 86.8 क्विंटल अवैध धान की जप्ती की कार्रवाई की गई है।

## खेल दिवस पर महाविद्यालय में विविध खेल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा में खेल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोशन आरा के निर्देशन एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ. ईश्वर लाल खरे के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। प्रतियोगिताओं के प्रथम दिवस पर विभिन्न खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, तवा फेंक, भाला फेंक, शतरंज सहित अन्य खेल शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के खेल प्रभारियों एवं प्राध्यापकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदीप कुमार खरे, मयंक कुमार मंडावी, पुरुषोत्तम भुआर्य, संजय कुमार ठाकुर, फुलेश्वरी ठाकुर, टुशिका नायक, नेहा ध्रुवे, सहायक प्राध्यापक नंदकिशोर सिन्हा, देवानंद वर्मा, हलेश लिल्हारे, अनिल कुमार साहू, टेकराम नेताम, कुलेश्वर पटेल, पंकज सुधाकर, इलेश चन्द्राकर, अंकिता चौधरी सहित महाविद्यालय के कर्मचारी खोमेश्वर सारथी, भुवन लाल भुआर्य, योगेश कुल्हरिया, ईश्वर लाल मानकर, घनश्याम सिंह एवं लालू राम फरसिंद की उल्लेखनीय भूमिका रही। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा खेल दिवस के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

- खेल भावना और अनुशासन का संदेश देता है



**दामिनी मुकेश साहू ने किया तिरगा स्कूल का निरीक्षण**

# जपं सदस्य दामिनी ने किया तिरगा स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत ग्राम तिरगा में निरीक्षण के लिए जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू पहुंची। उन्होंने बताया कि स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ चल रही और भी सारी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली साथ ही मध्यान भोजन शिक्षक की कमी के बारे में भी जानकारी लिया।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर और गुणवत्ता में सुधार के लिए चलाया जा रहा एक प्रमुख अभियान है, जिसके तहत सामाजिक अंकेक्षण, स्कूलों की ग्रेडिंग, शिक्षकों को ट्रेनिंग, और अभिभावक-शिक्षक सहभागिता पर जोर दिया जाता है, ताकि छात्रों की सीखने की क्षमता और परीक्षा परिणामों में सुधार हो सके, और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ जीवन कौशल का विकास हो सके।



**अभियान के मुख्य बिंदुः** सामाजिक अंकेक्षणः शिक्षा की गुणवत्ता की जांच के लिए स्कूलों में शाला प्रबंधन समिति, स्थानीय प्रतिनिधियों और समुदाय के सदस्यों की टीमें गठित की जाती हैं, स्कूलों की ग्रेडिंगः छात्रों की उपलब्धियों और शिक्षक उपस्थिति के आधार पर स्कूलों को ग्रेड दिया जाता है।

शिक्षक प्रशिक्षण शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

**अभिभावक-शिक्षक सहभागिताः** पालकों और शाला विकास समितियों को सक्रिय कर बच्चों की शिक्षा में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाती है.

**कमजोर छात्रों पर फोकसः** कमजोर बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल समय में अतिरिक्त कक्षाएं और फोकस किया जाता है.

**मॉडल स्कूलों का भ्रमणः** निम्न ग्रेड वाले स्कूलों के शिक्षकों को बेहतर शिक्षण के लिए मॉडल स्कूलों में भ्रमण कराया जाता है.

**स्थानीय भाषा में शिक्षाः** स्थानीय भाषा (जैसे गोंडी) में शिक्षा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य है सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में समग्र सुधार लाना। बच्चों के सीखने के स्तर और परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाना। शिक्षा प्रणाली को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनाना। उन्होंने कहा कि ये सब बहुत ही बढ़िया है लेकिन तभी जब इसका सही तरीके से क्रियान्वयन किया जाए , इस अवसर पर संकुल समन्वयक रघुनाथ देशमुख, प्राचार्य पुष्पा रामटेके एवं स्कूल के सभी स्टाफ और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# रघुवीर सिंह स्टेडियम में श्रीराम ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

यंग स्पोर्ट्स संस्था के तत्वावधान में स्व. अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में आयोजित श्रीराम ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन मुंबई एवं भोपाल की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। यह मैच लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में खेला गया, मैच में भोपाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सचिन कटारिया ने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मुंबई की टीम ने 6 विकेट खोकर आवश्यक रन बना लिए व 4 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया।

- मुंबई ने भोपाल को 4 विकेट से हराया

**मैन ऑफ द मैचः** मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुंबई टीम के अर्धशतकवीर बल्लेबाज सचिन कटारिया को प्रदान किया गया।



**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थितिः** मैच के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य देवेंद्र जायसवाल, संस्था अध्यक्ष मोहन निषाद, उपाध्यक्ष जसराज शर्मा, उत्तम मालेकर, जेपी सिंहा, दिलीप बाफना, जीवराखन कोमार्य, महेंद्र जायसवाल, सुमित शर्मा, सौरभ शर्मा, लोकेंद्र ठाकुर, मनोज शर्मा, राकेश गुप्ता, इतवारी, पप्पू यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**आगामी मुकाबलाः** आज टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़-11 एवं मुंबई की टीम के मध्य सुबह 10:00 बजे खेला जाएगा। यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी धीरेंद्र टाक द्वारा दी गई।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### सिर्राभाठा में हरिनाम संकीर्तन भजन का आयोजन

लाटाबोड़। हरिनाम संकीर्तन भजन का आयोजन ग्राम सिर्राभाठा मे तीन दिवसीय 29 से 31 दिसम्बर को रखा गया है। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से 01:00 बजे तक, दोपहर 03:00 बजे से 06:00 बजे तक संपन्न होगा। आयोजनकर्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बताया हरिनाम संकीर्तन मगन छत्तीसगढ के सुप्रसिध्द व्याख्याकार कथावाचक कामता प्रसाद शरण जी कुडेरादादर वाले होंगे।

### किसानों को परेशान कर रही सरकार : केशव बंटी हरमुख



अंडा। पूर्व श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता केशव बंटी हरमुख ने राज्य की भाजपा सरकार पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर धान खरीदी की प्रतिदिन की लिमिट कम रख रही है, जिससे अंतिम तिथि तक पूरा धान खरीदा जाना संभव नहीं है। पहले से ही किसान रकबा गायब होने और गिरदावरी की समस्याओं से जूझ रहे हैं, वहीं कटाई के बाद टोकन पाने के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। कई दिनों तक टोकन नहीं मिल रहा। सोसाइटी और धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था फैली है, ट्रांसपोर्टिंग बंद है और धान जाम पड़ा हुआ है। उन्होंने धान खरीदी की लिमिट और अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है।

## आयोजन

### चेयरमैन ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# शैलदेवी महाविद्यालय में खेल कूद स्पर्धा का हुआ समापन









हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ रस्सा कस्सी और बैडमिंटन में कड़ा मुकाबला रहा

शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में आयोजित द्वि–दिवसीय वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता 2025–26 का समापन को हर्षोल्लास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन श्री राजन कुमार दुबे द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों/टीमों को मेडल एवं शील्ड प्रदान किए गए। द्वितीय दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रस्सा कस्सी (महिला वर्ग) में बीएससी बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की तनूजा ग्रुप विजेता एवं कोनलिका ग्रुप उपविजेता रही, जबकि रस्सा कस्सी (बालक वर्ग) में बीईडी प्रथम सेमेस्टर विजेता तथा बी. एससी बीएड द्वितीय वर्ष उपविजेता रहा। बैडमिंटन (बालिका वर्ग) में भावना विजेता एवं पूर्वी उपविजेता रहीं। बैडमिंटन (बालक वर्ग) में पंकज विजेता, डेमन उपविजेता तथा लव कुमार तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में बालक वर्ग में लीलाधर तथा बालिका वर्ग में डिंपल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में बालिका वर्ग में डिंपल एवं बालक वर्ग में लवकुश विजेता रहे। 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में शेषनारायण तथा बालिका वर्ग में देविका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में बी. एससी बीएड तृतीय वर्ष की टीम विजेता तथा एम सी ओ एम प्रथम सेमेस्टर उपविजेता रही, वहीं वॉलीबॉल (बालिका वर्ग) में बी. एससी बीएड चतुर्थ वर्ष विजेता एवं बीएससी बीएड द्वितीय वर्ष उपविजेता रही। खो–खो (बालक वर्ग) में आईटीआई टीम विजेता एवं बीएससी बीएड तृतीय वर्ष उपविजेता रही। भाला फेंक में बालिका वर्ग में खीलेश्वरी तथा बालक वर्ग में त्रिलोकीनाथ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्रशासन, क्रीड़ा प्रभारी, प्राध्यापकगण एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से प्रतियोगिता पूर्णतः सफल रही। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ किया।

# कुटुंब न्यायालय की पहल से दो साल से अलग रह रहे दंपति में सुलह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बेटा होने के बाद दो साल से अलग रहने वाले दंपति ने कुटुंब न्यायालय (फैमिली कोर्ट) में सुलह प्रक्रिया के माध्यम से अपना वैवाहिक विवाद समाप्त करते हुए प्रकरण वापस ले लिया। कोर्ट के अनुसार गुरूर ब्लॉक के एक गांव में निवासरत युवक का विवाह चार साल पहले उतई निवासी युवती से हुआ था। विवाह के लगभग दस दिन बाद ही पत्नी ससुराल में मन नहीं लगने की बात कहकर मायका चली गई। बताया गया कि पति ने अपने स्तर पर कई बार पत्नी को वापस लाने प्रयास किया लेकिन पत्नी व ससुराल के अन्य सदस्यों ने घर जमाई बनकर रहने का दबाव डाला।

पत्नी के ससुराल न आने से निराश होकर विवाह के लगभग दो साल बाद पति अपने ससुराल यानी पत्नी के मायका में चला गया। जहां उसने अपने ससुर के मकान निर्माण में सहयोग किया। मकान निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सास–ससुर ने दामाद एवं बेटी को घर से निकाल दिया। जिसके बाद पत्नी अपने पति को लेकर अपने जीजा के गांव गई। वहां पति को काम दिलवाया। यहां भी कुछ माह बाद विवाद होने की वजह से पत्नी ने अपने जीजा के कहने पर पति को छोड़ दिया। कई बार पत्नी को अपने साथ रखने प्रयास करने के बावजूद ससुराल न लौटने पर पति ने अगस्त माह में कुटुंब न्यायालय बालोद में दाम्पत्य संबंधों की पुनस्थापना के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जिसके बाद न्यायाधीश योगेश पारीक ने दंपती के बीच सुलह कराने पहल किया ताकि दोनों साथ रह सकें, क्योंकि ससुराल में रहने के दौरान दाम्पत्य संबंध से दोनों का एक बेटा है। जो नाबालिग है। न्यायाधीश की निरंतर समझाइश एवं प्रयासों के परिणामस्वरूप पत्नी अपने पति के साथ रहने सहमत हुई।

वहीं पति ने भी इस निर्णय पर पत्नी के साथ रहने सहमति दी। नोटिस मिलने के बाद कुटुंब न्यायालय पहुंचकर पत्नी ने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर बताते हुए निजी अधिवक्ता रखने में असमर्थता जताई। जिसके बाद उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भेजा गया। वहां से महिला को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया गया। जिसे कुटुम्ब न्यायालय में न्यायमित्र कहा जाता है। दोनों पक्ष ने अपना–अपना पक्ष रखा। कोर्ट की ओर से सलाह दिया गया कि बेटा नाबालिग है। इसलिए बच्चे को पिता व मां दोनों की जरुरत है। दोनों के अलग रहने से बच्चे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर सर्व समाज हिंदू सम्मेलन 25 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे संघ कार्यकर्ता व सनातनी बंधु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की शताब्दी वर्ष (100 पूर्ण) के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को कुसुमकसा नगर में सर्व समाज विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, उक्त कार्यक्रम के संबंध में वनोपज जांच नाका के आगे भागवत कथा स्थल परिसर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई, कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार, 25 दिसंबर को सुबह 11:00 से 2 बजे तक किया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल पर कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामों के राष्ट्रीय स्वयं संघ के सदस्य सहित सनातनी भाईयो द्वारा अपने अपने ग्रामों से शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे ,कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता का पूजा अर्चना व आरती के साथ किया जाएगा , कार्यक्रम में आमंत्रित विख्यात संतों व सनातनी भाइयो के द्वारा, हिंदू धर्म के संबंध में अपने विचार रखेंगे,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को इन 100 वर्षों में जिन कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ा है, उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय स्वयं संघ की स्थापना में इसके संस्थापकों को जिन परेशानियों का सामना करना पड़ा, उनके बारे में भी बताया जाएगा। साथ ही एक लघु नाटक और भक्ति गीत समूह की प्रस्तुति होगी कार्यक्रम समापन के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित जन की भोजन की व्यवस्था की जाएगी ,कुसुमकसा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ग्रामों में हिन्दू धर्म से जुड़े लोगों को निमंत्रण पत्र वितरित किया जाएगा सर्व समाज हिंदू संगठन ने सनातनी बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

MARUTI SUZUKI ARENA
PRESENTING
VICTORIS
GOT IT ALL
मारूती की कार चौहान का वादा, ऑफर मिलेगा सबसे ज्यादा
Long Term Event Location
SUV Carnival, Adarsh Nagar
Durg. Ph. 79099 99315
INSURANCE FREE
Valid Till 31st Dec.



₹ Introductory Price 10.49 Lakh*
27.00* Km/Kg. CNG
28.65* Km/l Petrol Strong Hybrid eCVT
AVAILABLE IN: HYBRID | ALLGRIP | smart HYBRID | S-CNG
Deepak Advertisers



| Model | Price Hike | | Consumer Offer | | | Exchange Bonus | | | Old Car Price Reduction | Waiver Processing charges (Finance)* (F) | Total Additional Savings |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ex Showroom (Highest selling variant) | Expected Price Hike(4%) | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | | | |
| Alto K10 | 4,77,400 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 2,600 | 92,600 |
| S-Presso | 4,79,900 | 20,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 90,000 | 2,600 | 1,32,600 |
| Celerio | 6,03,495 | 25,000 | 30,000 | 10,000 | 20,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 85,000 | 2,600 | 1,37,600 |
| WagonR | 5,28,618 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 50,000 | 2,600 | 1,02,600 |
| New Swift | 6,58,901 | 25,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 60,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Brezza | 9,20,780 | 35,000 | 10,000 | 0 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 1,10,000 | 3,500 | 1,63,500 |
| Ertiga | 9,85,579 | 40,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 90,000 | 3,500 | 1,43,500 |
| Eeco | 5,11,964 | 20,000 | 20,000 | 10,000 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 3,500 | 78,500 |
| New Dzire | 7,17,337 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 65,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Tour S | 6,87,197.73 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 15,000 | 0 | 15,000 | 50,000 | 3,500 | 98,500 |
| Victoris | 11,80,179 | 50,000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3,500 | 53,500 |

TOTAL BENEFITS UPTO ₹1,63,500/-* *T&C APPLY
3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
ARENA SAFETY SHIELD
CHOUHAN AUTOMOBILES LLP.
Authorised Dealer of Maruti Suzuki India Limited
भिलाई - दुर्ग राजनांदगांव बायपास, होटल इम्प्रीयन के पास. फोन- 7222910019, 7222910022, 7222910013, 7222910033, 7222910073
बेमेतरा - नवागढ़ चौक के पास, कवर्धा रोड़ फोन 7222910019, 7222910025, 7222910078
कवर्धा - ट्रासपोर्ट नगर, कृषि उपज मंडी के पास फोन 7222910019, 7222910044
पंडरिया - रहबा, कवर्धा रोड़, पंडरिया, फोन 7222910019, 7222910044
बालोद - झलमला चौक के पास, दुर्ग रोड़. फोन- 7222910019, 7222910029
दल्लीराजहरा -मेन रोड़, हीरो होड़ा शो रूम के पास फोन - 7222910019, 7222910029